# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली



## शिक्षण अधिगम केन्द्र

## पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना

### शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

**चरण-V, कार्यक्रम सं. - 13**

## एक साप्ताहिक ऑनलाइन राष्ट्रीय

## संकाय विकास कार्यक्रम (एफ.डी.पी.)

# ऑनलाइन शिक्षण एवं आकलन प्रयोग एवं प्रबन्धन

**दिनांक 07 से 11 मार्च, 2022**

### परिचयः

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली के शिक्षण अधिगम केन्द्र की स्थापना **शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार** की **पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना** (PMMMNMTT) के पाठ्यचर्या एवं शिक्षणशास्त्र हेतु उत्कृष्टता केन्द्र के घटक के अन्तर्गत हुई है। यह योजना शिक्षा के सभी स्तरों में गुणात्मक सुधार करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य भाषा शिक्षा विशेषकर संस्कृत से जुड़े अध्यापक एवं अध्यापक शिक्षको में शिक्षण एवं अधिगम प्रणालियों के अभिकल्पन, विकास, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन हेतु कौशल एवं कुशलताओं का विकास करना है। **भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र को उच्च शिक्षा के नवनियुक्त अध्यापकों हेतु एक मासिक अनिवार्य संकाय अनुबोधन कार्यक्रम (FIP) के संचालन हेतु जारी 30 नये केन्द्रों की सूची में चिह्नित किया गया तथा उसे संस्कृत विषय में SWAYAM मंच के माध्यम से Annual Refresher Program in Teaching (ARPIT – 2018, 2019 व 2020 कोर्स) के निर्माण हेतु राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र (NRC) के रूप में भी अधिसूचित किया गया। इसके साथ केन्द्र द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर संस्कृत शिक्षण हेतु दो संदर्शिकाओ का प्रकाशन किया गया है। अभी तक केन्द्र द्वारा 46 कार्यक्रम एवं 3 संकाय अनुबोधन कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा चुका है। पंचम चरण के सभी कार्यक्रमों का संचालन माननीय कुलपति महोदय के संरक्षण में किया जा रहा है।**

### सन्दर्भः

इस वैश्विक महामारी के पश्चात् ऑनलाइन शिक्षण ने न केवल महत्त्वपूर्ण गति प्राप्त की है अपितु विविध शैक्षिक कार्यक्रमों के समय से संचालन में निरन्तरता लाने हेतु एक बेहतर विकल्प के रूप में भी उभरा है। शिक्षण की ऑनलाइन शैली समकालिक एवं असमकालिक रूपों में कार्य कर सकती है। विविध ई-संसाधनों यथा- इमेज, चित्र, वीडियो, ऑडियो क्लिप्स, इन्फोग्राफ़िक्स आदि के प्रयोग एवं एकीकरण ऑनलाइन शिक्षण को और प्रभावी बनाते है। इसके साथ पॉवरपॉइंट प्रस्तुतियों के प्रयोग ऑनलाइन शिक्षण को एक प्रबल आधार प्रदान करते है। आकलन शिक्षण का अभिन्न अंग होता है इसलिये ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी आयोजन या परीक्षण प्रशासन शिक्षक एवं छात्र दोनों को प्रतिपुष्टि प्रदान करते है जो इस प्रकार के शिक्षण को और अर्थपूर्ण बनाते हैं। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन शिक्षण, अधिगम एवं आकलन को अधिगम प्रबन्धन प्रणालियों के माध्यम से प्रबन्धित किया जाता है जो परम्परागत शिक्षण के साथ ऑनलाइन शिक्षण को भी समर्थित करने हेतु प्रयोग किये जा सकते हैं। अतः विविध ऑनलाइन शिक्षण उपकरणों एवं मंचों के ज्ञान एवं प्रयोग कौशल तथा विविध ई-संसाधन एवं आकलन निर्माण एवं ऑनलाइन शिक्षण के साथ उनके एकीकरण की कुशलताएं सभी विषयों एवं सभी स्तरों के शिक्षकों के लिये आवश्यक बन जाती है। इस परिप्रेक्ष्य में एक साप्ताहिक ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम (एफ.डी.पी.) ऑनलाइन शिक्षण एवं आकलन के प्रयोग एवं प्रबन्धन हेतु कौशल एवं कुशलताओं को अभिवृद्ध करने के लिये आयोजित किया जा रहा है।

### उद्देश्यः

इस कार्यक्रम के उद्देश्य हैं -

- विविध ऑनलाइन शिक्षण मंच, ई-संसाधन एवं आकलन निर्माण उपकरणों से परिचित कराना।
- ऑनलाइन आकलन निर्माण एवं प्रयोग सम्बन्धित कौशलों का विकास करना।
- विभिन्न ई-संसाधनों यथा- इमेज, ऑडियो, वीडियो, चित्र, इन्फोग्राफ़िक्स आदि के निर्माण एवं ऑनलाइन शिक्षण में एकीकरण सम्बन्धित कुशलताओं को अभिवृद्ध करना।
- विविध अधिगम प्रबन्धन प्रणालियों के प्रयोग प्रक्रिया में अंतर्दृष्टि प्रदान करना।

## लक्ष्य समूह:

- सभी विषयों के उच्च शिक्षा के शिक्षक। (भाषा एवं परम्परागत विषयों जैसे व्याकरण, वास्तुशास्त्र, दर्शन, साहित्य, धर्मशास्त्र, ज्योतिष आदि के शिक्षकों को प्राथमिकता)
- परम्परागत एवं आधुनिक दोनों विश्वविद्यालयों के अध्यापक शिक्षक।
- केवल संस्कृत विषय के TGT तथा PGT शिक्षक।

## पंजीकरण:

इस कार्यशाला के लिये **पंजीकरण शुल्क ₹500/- (अप्रतिदेय)** है। इच्छुक प्रतिभागी इस लिंक https://forms.eduqfix.com/slbsnsuform/home द्वारा **05 मार्च, 2022 को सांय 05 बजे तक** ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अधिकतम प्रवेश क्षमता तक पंजीकरण पहुँचने की स्थिति में यह लिंक अंतिम तिथि से पहले बंद कर दिया जायेगा। पंजीकरण **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर प्रदान किया जाएगा।

### सक्रिय प्रतिभाग हेतु अपेक्षित सामग्री : -

1. लैपटॉप/ कैमरा एवं माइक्रोफोन के साथ कंप्यूटर/स्मार्टफ़ोन।
2. कार्यशाला के समय उत्तम इन्टरनेट कनेक्टिविटी कम से कम 5 जीबी डाटा प्रतिदिन।

## महत्त्वपूर्ण सूचना

ऑनलाइन प्लेटफार्म: **गूगल मीट**

- ✓ प्रतिभाग हेतु **ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य** है।
- ✓ पंजीकरण प्रपत्र में कृपया अपना **वैध ईमेल एवं Whatsapp नंबर** प्रदान करें क्योंकि कार्यशाला सम्बन्धित सभी सम्प्रेषण इन्हीं के द्वारा किये जाएंगे।
- ✓ इस कार्यशाला में प्रतिभाग/ पूर्णता (निष्पादन आधारित ग्रेड) का **ई-प्रमाणपत्र** प्रदान किया जाएगा।
- ✓ **यूजीसी अधिनियम 2018 के अनुसार इस एफ.डी.पी. का ई-सर्टिफिकेट करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के लिए मान्य होगा। (पद संख्या. 18.0 (ix)).**

**समन्वयक एवं संयोजक**
प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज
निदेशक

**सह-संयोजक**
डॉ. दिनेश यादव

**कार्यक्रम सुगमकर्ता**
श्री सुरेन्द्र नागर,
श्री ज्ञान चन्द शर्मा,
श्री राकेश काण्डपाल,
श्री अक्षत डबराल
श्री सचिन कुमार

**संरक्षक**
**प्रो. मुरलीमनोहर पाठक**
कुलपति

**आयोजक**

# शिक्षण अधिगम केन्द्र

**पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार**

## श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
अन्य जानकारी हेतु-
सम्पर्क सूत्र -9891777666, 9716692396, 8285513959
ई-मेल: tlc@slbsrsv.ac.in वेबसाइट: www.slbsrsv.ac.in